पी.सी.ओ.–01

स्नातक प्रारम्भिक कार्यक्रम
(बी.पी.पी.)

सत्रीय कार्य
2022–23

पी.सी.ओ. – 01 : वाणिज्य में प्रारम्भिक पाठ्यक्रम

जुलाई 2022 तथा जनवरी 2023 प्रवेश सत्र के लिए

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विष्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –110068

स्नातक प्रारम्भिक कार्यक्रम

पी.सी.ओ. – 01 : वाणिज्य में प्रारम्भिक पाठ्यक्रम

सत्रीय कार्य – 2022–23

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् **(जुलाई 2022 और जनवरी 2023)** के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जुलाई 2022,** में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2023** तक है।

2. जो **जनवरी 2023,** में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसम्बर 2023** तक है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इसे **15 सितम्बर** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	:	**पी. सी. ओ. - 01**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	:	**वाणिज्य में प्रारंभिक पाठ्यक्रम**
सत्रीय कार्य का कोड	:	**पी. सी. ओ. -01/टी. एम. ए./ 2022-2023**
खण्डों की संख्या	:	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक :100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. व्यवसायिक संगठन के रूपों की विवेचना कीजिए । (10)

2. लेखाकरण को परिभाषित कीजिए। लेखाकरण की आवश्यकता की विवेचना कीजिए। (10)

3. श्री मुकेश राणा रेडीमेड गारमेंट्स का व्यवसाय करते हैं। नीचे कुछ लेन-देन दिए गए हैं। उनके व्यवसाय की पुस्तकों में दर्ज किए जाने वाले लेन-देन की पहचान करें। (10)

(क) कार्यालय उपयोग के लिए 6000 रुपये का एक टाइपराइटर खरीदा।

(ख) पुराने घरेलू फर्नीचर को रु. 500 में बेचा।

(ग) गारमेंट्स के लिए कपड़ा रु. 10,000 ।

(घ) 250 रुपये की एक शर्ट को उनके बेटे के लिए घर ले जाया जाता है।

(ड.) सतीश को दुकान में सहायक के रूप में नियुक्त किया गया।

4. दोहरी प्रविष्ट की प्रणाली और इकिहारी प्रविष्ट की प्रणाली के बीच अंतर कीजिए। (10)

5. खातों के वर्गीकरण की उदाहरण सहित विवेचना कीजिए। (10)

6. निम्नलिखित लेन-देनों की जर्नल में प्रविष्टियां करें, तथा उन्हें लेज़र में खतौनी करें और उन्हें संतुलित करे। (15)

1 अप्रैल 2022 अशोक ने नकद 1,20,000 रुपये के साथ कारोबार शुरू किया

3 अप्रैल 2022 रु. 24,000 नकद में फर्नीचर खरीदा

4 अप्रैल 2022 विजय से रु. 36,000 का माल खरीदा

5 अप्रैल 2022 रु. 4,800 का माल बेचा

7 अप्रैल2022 रु. 3,000 किराए का भुगतान किया

7. बैंक समाधान विवरण क्या है ? रोकड़ बही और पास बुक द्वारा दर्शाए गए शेष के बीच भिन्नता के विभिन्न कारणों की विवेचना कीजिए। (15)

8. क) निम्नलिखित के बीच अंतर कीजिए : (10+10)

(i) पूंजीगत प्राप्तियों और राजस्व प्राप्तियों ,

(ii) पूंजीगत लाभ और राजस्व लाभ, और

(iii) पूंजीगत हानि और राजस्व हानि

ख) निलंबित खाता किसे कहते हैं ? इन्हें किन परिस्थितियों में खोला जाता है ?